डीजे एंकर-कम-यूट्यूबर ने अपनी आवाज को बनाया ठगी का हथियार, रायगढ़ की महिला से किया 13.50 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

- सायबर सेल और जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में पकड़ में गया आरोपी
- आरोपी से ठगी की रकम से खरीदी हुंडई कार, एक बाइक, 05 मोबाइल और 13 सिम बरामद
- अलग-अलग तीन व्यक्तियों की आवाज में बातें कर आरोपी द्वारा महिला और उसकी बेटी को करता रहा गुमराह
- पीड़ित महिला की बहन और सहेली की नौकरी लगाने और बेटी का अच्छे लड़के से शादी कराने का झांसा देकर किया ठगी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ी फिल्मों में गायन और कार्यक्रमों में एंकरिंग करने वाली महिला के साथ हुई 13.50 लाख की ठगी के मामले में रायगढ़ साइबर सेल और थाना जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के कुशल दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जो महिला तथा उसकी बहन और बेटी के साथ तीन अलग-अलग व्यक्तियों की आवाज में बातें कर उन्हें नौकरी लगाने और बेटी की शादी एसईसीएल एंप्लाइज से करने का झांसा देकर ठगी किया है।

घटना को लेकर 8 अप्रैल को थाना जूटमिल में पीड़ित महिला रिपोर्ट दर्ज कराई की वह छत्तीसगढ़ी फिल्मों में गायन और विभिन्न कार्यक्रमों में मंच संचालन का कार्य करती है। करीब 2 साल पहले छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम के दौरान उसकी जान पहचान जांजगीर के करनदास महंत से हुई। करनदास महंत को अपने परिवार के बारे में बताई और अपनी लड़की के लिए अच्छा लड़का ढूंढने बोली। इसी बीच एक दिन करन कॉल कर बोला कि लड़की के लिए एसईसीएल चिरमिरी में काम करने वाले युवक दीपक महिलाने नाम का लड़का ढूंढा हूं जिससे लड़की की शादी तय कर दो। उसके कुछ दिनों बाद मोबाइल पर एक युवक का कॉल आया जो स्वयं को दीपक महिलाने बताकर करन द्वारा फोन नंबर देना और शादी के संबंध में बातचीत किया जिसके बाद दीपक महिलाने लगातार महिला, उसकी बेटी और घर परिवारवानों से बातचीत करता था। फरवरी 2022 में दीपक महिलाने एक दिन कॉल कर बताया कि एसईसीएल में काम करने वाला एक कर्मचारी की मौत हो गई है, उसकी पत्नी काफी बीमार है और उसके यहां कोई नौकरी करने वाला नहीं है उसके जगह कोई 10वीं, 12वीं पढ़ा लिखा हो तो बताओ नौकरी लगवा सकता हूं। तब महिला अपनी बहन को दसवीं तक पढ़ी होना बताई। कुछ दिन बाद दीपक अपने बड़े अधिकारियों से महिला के बहन की नौकरी का बात कर लिया हूं बोला और बताया कि इसके अलावा चपरासी की नौकरी भी खाली है उसे भी लगवा दूंगा। तब महिला अपनी सहेली सुषमा के बारे में बताई और सुषमा से बातचीत की जो चपरासी के नौकरी के लिए राजी हो गई। दीपक महिलाने इन्हें भरोसे में लेने अपने ऑफिस के गुप्ता बाबू के संबंध में बताया और महिला से किओस्क शाखा के माध्यम से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर मंगवाया। नौकरी लगाने की बात दीपक महिलाने द्वारा करन की जानकारी में होना बताकर करन को महिला के घर रुपए लेने भेजा जो महिला से नगद रु.400000 तथा सुषमा से रु.200000 करन लेकर आया। इसी दरम्यान महिला की बहन के अचानक गुम हो जाने पर उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट थाना बिलाईगढ़ में दर्ज कराये और दीपक महिलाने और गुप्ता बाबू को फोन कर बताये कि जिसका नौकरी लगाने बात किए थे वह गुम हो गई है। तब महिला अपनी बहने के स्थान पर एक और परिचित को नौकरी लगाने के बात की जो तैयार हो गया। उससे भी दीपक महिला ने कियोस्क शाखा में रु.85000 मंगाया। इस प्रकार अलग-अलग तिथियों में नगद और ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर करीब 1500000 रुपए प्राप्त किया और करीब 1 साल तक उन्हें आज, कल नौकरी लग जाएगा कहकर धोखे में रखा। पीड़ित महिला ने करनदास महंत को दीपक महिलाने से आमने-सामने बात कराने को कहने पर करन कुछ ना कुछ बहाना कर टाल दिया करता था। महिला का धैर्य टूटा और उसने थाना जूटमिल में करन दास महंत, दीपक महिलाने और गुप्ता बाबू नाम के व्यक्ति पर धोखाधड़ी का लिखित आवेदन दी। जूटमिल पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 150/2023 धारा 420, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़/साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा प्रकरण की समीक्षा किए और आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए थाना जूटमिल और साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर टीम को मार्गदर्शन दिया गया। गठित टीम द्वारा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन पर आरोपियों के मोबाइल नंबर और रूपये प्राप्त किये जाने वाले अकाउंट का एनालिसिस कर बिलासपुर पहुंची जहां आरोपी हाथ नहीं आया। अब पीड़ित महिला द्वारा जिस कियोस्क शाखा में रूपये भेजे गये थे। वहां का पता उठाकर टीम कियोस्क शाखा चलाने वाले रजनीश महतिया को हिरासत में लिया जिसने बताया कि वह किओस्क चॉइस सेंटर चलाता है और रुपए भेजने और प्राप्त करने का उसके पास लाइसेंस है। करनदास महंत के द्वारा रुपए मंगाए जाने पर अपना चार्ज काट कर उसके द्वारा बताए गए खाते में डाला करता था। पुलिस की एक टीम आरोपी करण दास महंत के पीछे लगी थी, आरोपी को उसके बेटी के घर में छिपे होने की पुख्ता जानकारी पर रेड कर ग्राम खिसोरा, जिला जांजगीर में पकड़ा गया और हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया।

आरोपी करन दास महंत का चौंकाने वाला खुलासा- आरोपी करनदास महंत बताया कि वह लोकल कलाकार है, डांस, गाने का शौकिन है, कई कलाकारों की मिमक्री करता है। डीजे, पार्टी में एंकरिंग करता है, यूट्यूब पर गाने एल्बम भी अपलोड किया हुआ है। इसकी जान पहचान रायगढ़ की महिला से हुई जिसे यूट्यूब पर उसके चैनल के लिये म्यूजिक एल्बम और शॉर्ट मूवी में काम दिलाने के बहाने से जान पहचान बनाकर उसके पारिवारिक स्थिति को जाना जिसके बाद महिला की बेटी की शादी एसईसीएल एंप्लाइज से कराने के नाम पर जिस दीपक महिलाने नाम के युवक का नाम सुझाया था वह उसकी काल्पनिक सोच थी। यही दीपक महिलाने बनकर अलग आवाज में महिला और उसकी लड़की से बातें करता था। इतना ही नहीं आरोपी द्वारा जिस गुप्ता बाबू का नाम उन्हें भरोसा दिलाने बताया गया था, गुप्ता बाबू कोई और नहीं यही गुप्ता बाबू बनकर एक और अलग आवाज से गुप्ता बाबू बनकर बातें करता था। आरोपी यहीं नहीं रुका इसने महिला की बहन जिसे नौकरी लगाने के नाम पर बातचीत किया उसे बहला-फुसलाकर पत्नी बनाकर रहने का झांसा देकर विवाहित होते दूसरी पत्नी बनाकर रखा हुआ था जिसकी जानकारी आरोपी की विवाहिता पत्नी को नहीं थी। आरोपी को हिरासत में लिए जाने के बाद रायगढ़ पुलिस की टीम से आरोपी करन महंत की पत्नी को जानकारी हुई । आरोपी करनदास महंत ने महिला, उसकी सहेली सुषमा और महिला के परिचित से अलग-अलग समय पर नगद और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से नौकरी के नाम से करीब 13 लाख 50 हजार रुपए प्राप्त करना कबूल किया है।

आरोपी करन दास मानिकपुरी पिता स्व. झाड़ूराम मानिकपुरी उम्र 43 साल निवासी ग्राम टांटा बिलासपुर थाना सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (C.G.) ने ठगी के रूपयों से एक हुडई कार क्रमांक CG 12- R 1523 तथा एक हिरो स्टेनर बाइक CG 11 AH 0864 और 08 मोबाइल खरीदना बताया और बाकी रूपये जुए और सट्टे की लत और ऐशो आराम में सारे रकम खर्च करना बताया है, आरोपी के पास से हुंडई कार, स्टेनर बाइक, सट्टा चार्ट, 08 मोबाइल और 13 सिम बरामद कर जब्ती की गई है। आरोपी को थाना जूटमिल के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर मामले का खुलासा कर शातिर आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम, थाना जूटमिल के सहायक उपनिरीक्षक शशि देव भोई, सायबर सेल के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, थाना जूटमिल के आरक्षक बनारसी सिदार, लखेश्वर पुरसेठ, शशि भूषण साहू की अहम भूमिका रही है।

महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टर और एमडी ने ली राइस मिलरों की बैठक

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी और एमडी मार्कफेड मनोज कुमार सोनी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलरों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि पीडीएस वितरण को ध्यान में रखते हुए सभी राइस मिलर धान का उठाव के साथ साथ चावल का जमा खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम और भारतीय खाद्य निगम में निर्धारित अवधि में करें। बैठक में सोनी ने राइस मिलरों को अच्छे से परफॉर्मेंस करते हुए राज्य शासन के कार्यों में सहयोग करने कहा। इस अवसर पर जिले के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के वेतन में वृद्धि हुई

रायपुर (आरएनएस)। हमने लक्ष्य रखा था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कलेक्टर दर मिले एवं मितानिन बहनों को ज्यादा परिश्रमिक मिले। आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपए एवं मितानिन बहनों को 22 सौ रुपए देने की घोषणा की गई है। जो काम हमारी मितानिन बहनें करती हैं, मुझे गर्व है मुझे बेहद खुशी एवं गर्व है कि ऐसे वर्ग के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। मितानिन बहनों के बिना स्वास्थ्य विभाग कार्य नहीं कर सकता। आपके मजबूत कंधों के सहारे स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम हो सकेगा। 24 घंटे आपकी उपस्थिति आपके क्षेत्र में रहती है। 24 घंटे हमारी बहनें छत्तीसगढ़ के लोगों की सेवा करती हैं। हमारे भविष्य, हमारे बच्चों की देख-रेख हमारी आंगनबाड़ी की बहनें करती हैं।

दुल्हार जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य के लिए 2.73 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कबीरधाम जिले के विकासखण्ड-कवर्धा की दुल्हार जलाशय के नहर लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 73 लाख 51 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रदान की गई है। योजना से निस्तारी-भू-जल संवर्धन सहित क्षेत्रीय किसानों को 150 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

उत्कृष्ट कार्य के लिए बीईओ एवं प्राचार्य को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

कांकेर (आरएनएस)। जिला प्रशासन की अभिनव पहल हमर लक्ष्य के अंतर्गत विद्यार्थियों को जेईई मेन्स परीक्षा में सम्मिलित कराने और उनके चयन में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन करने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर सदेसिंह कोमरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अंतागढ़ संजय ठाकुर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कांकेर दीपक ठाकुर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरागांव के प्राचार्य नेमसिंह गावरे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक मिले लाभ -कलेक्टर

- विशेष पिछड़ी जनजाति (पीव्हीटीजी) संबधी विकास कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण
- कलेक्टर सिन्हा ने की विशेष केन्द्रीय सहायता, विशेष पिछड़ी जनजाति (पीव्हीटीजी) के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विशेष पिछड़ी जनजाति(पीव्हीटीजी) के स्वीकृत कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह कार्य विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मूलभूत कार्यों के लिए स्वीकृत किया गया। जिसका संपूर्ण लाभ उन्हें मिले यह सुनिश्चित करना होगा। इन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने क्रेडा अन्तर्गत स्वीकृत विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत परियोजना क्षेत्र के 05 विकासखंड में सोलर पंप स्थापना कार्य एवं विशेष केन्द्रीय सहायता योजनांतर्गत सौर संयत्रों का स्थापना की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि परियोजना क्षेत्र के जनजातीय लघु, सीमांत कृषकों को सिंचाई सुविधा हेतु सोलर पंप स्थापना के 17 कार्य स्वीकृत हुए थे, जिसमें 13 कार्य पूर्ण किया जा चुका है, शेष कार्य प्रगतिरत है। इसी प्रकार विशेष केन्द्रीय सहायता योजनांतर्गत सौर संयत्रों स्थापना के तहत कन्या छात्रावास, आवासीय विद्यालयों, आश्रमों में सौर उर्जा सयंत्र की स्थापना के स्वीकृत सभी 6 कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। कलेक्टर सिन्हा ने सुदूर अंचल के संस्थानों एवं स्ट्रीट में सोलर लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया कि आईएफआर लाभार्थियों सहित खरीफ मौसम के दौरान स्थानीय बागवानी नर्सरी केन्द्रों द्वारा चिन्हित समूहों को स्थानीय सब्जी खाद्य पौधों का गहन वृक्षारोपण और प्राथमिक प्रसंस्करण के माध्यम से 20 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग के स्वीकृत टीबी से बचाव, एनिमल बाईट केयर हेतु नि:शुल्क ईलाज, सिकलसेल रोगियों का इलाज व टेस्ट, दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, जनजाति हाट बाजार में स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वास्थ्य स्वच्छता जागरूकता सृजन शिविर की प्रगति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आदिवासी व विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को विशेष तौर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करना एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्लूडी द्वारा जिले के तीन स्थानों में किए जा रहे छात्रावास निर्माण प्रगति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया कि कुडेकेला में बाह्य प्लास्टर कार्य एवं फ्लोरिंग कार्य प्रगति पर है, कुडुमकेला में लिंटल लेवल तक ईट जोड़ाई कार्य प्रगति पर है, इसी प्रकार पखनाकोट में ग्राउड बीम ढ़लाई का कार्य एवं बाउड्रीवाल बीम में ईट जोड़ाई का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति से संबधित योजनाओं का संचालन करने वाले सभी विभाग योजनाओं का समुचित लाभ विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को प्रदान करें, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके।

खैरपाली में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 17 मई तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। ग्राम पंचायत खैरपाली के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन हेतु 17 मई 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, ग्राम पंचायत एवं अन्य संस्था आबंटन हेतु पंजीयन के प्रमाण-पत्र एवं समूह/ संस्था द्वारा पारित प्रस्ताव संलग्न कर आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खरसिया जिला-रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत खैरपाली के शासकीय उचित मूल्य की दुकान का पूर्व आबंटन निरस्त होने के कारण उक्त दुकान का आबंटन रिक्त है। दुकान संचालन हेतु ग्राम पंचायत खैरपाली के निकटतम ग्राम पंचायत टेमटेमा में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। फलस्वरूप ग्राम खैरपाली के शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है।

सट्टा खेलते एक व्यक्ति को मोबाइल सहित किया गया गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। दिनांक 30/04/2023 को सीएसईबी चौकी पुलिस पेट्रोलिंग एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर सूचना मिली कि टीपी नगर स्थित परी मोबाइल दुकान का मैनेजर चंदन सुंदरानी आईपीएल क्रिकेट मैच में रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहा है जो आज भी पंजाब और चेन्नई के बीच हो रहे मैच में रुपयों का दांव लगाया है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीप त्रिपाठी के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सनत सोनवानी एवं चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रेड कार्यवाही के दौरान चंदन सुंदरानी को पकड़ कर पूछताछ किया गया, जो ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट मैच में जुआ खेलना स्वीकार किया।

छेड़खानी के फरार आरोपी को घरघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर, आरोपी गया जेल

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने छेड़खानी के फरार आरोपी प्रकाश पुष्टि निवासी वार्ड क्रमांक 13 थाना घरघोड़ा को आज उसके घर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पिछले 3 माह से गिरफ्तारी के डर से लुक छुप रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर महिला संबंधी अपराधों को प्राथमिकता से लेते हुए ऐसे अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की लिस्टिंग कर अपने अधीन विवेचकों को आरोपियों की सघन पतासाजी के निर्देश दिया

गया है। इसी क्रम में सक्रिय सूचनातंत्र के जरिये फरार आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस को सफलता मिली है।

जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 13 निवासी प्रकाश पुष्टि (उम्र 30 वर्ष) के विरुद्ध स्थानीय महिला द्वारा शिकायत पत्र दिया गया था। शिकायत पत्र के अनुसार 29 जनवरी के रात्रि घर आते समय रास्ते में प्रकाश पुष्टि द्वारा महिला पर बेहद अशोभनीय कमेंट कर गाली गलौज करते हुए हाथापाई कर गंदी नियत से उसके शरीर को स्पर्श किया था। महिला के शिकायत आवेदन की जांच पर पीड़िता के साथ घटना समय घटनास्थल पर मौजूद गवाहों ने भी प्रकाश पुष्टि द्वारा छेड़खानी की पुष्टि किए। मामले में 27 फरवरी 2023 को थाना घरघोड़ा में आरोपी पर अपराध क्रमांक 76/2023 धारा 294, 506, 323, 354, 354(क) भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से घरघोड़ा पुलिस लगातार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया जा रहा था। आरोपी अपने सकुनत से फरार था जिसकी पतासाजी गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी घरघोड़ा मुखबीर लगाए हुए थे कि आज सुबह आरोपी को उसके मोहल्ले में देखे जाने की सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक विल्फ्रेड मसीह के हमराह स्टाफ द्वारा दबिश देकर आरोपी प्रकाश पुष्टि पिता सनातन पुष्टि (उम्र 30 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 13 घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा को हिरासत में लिया गया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के कृत्य पर जेल वारंट जारी होने पर आरोपी को घरघोड़ा पुलिस द्वारा जिला जेल दाखिल किया गया है।

अवैध फ्लाईएश डंपिंग, परिवहन पर करें सख्त कार्यवाही -कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर पर्यावरण अधिकारी ने जारी किया व्हाट्सअप नंबर 7987033406, उक्त नंबर पर जानकारी देने पर वाहनों पर होगी कार्यवाही
- जिले में वृहत वृक्षारोपण के लिए सभी विभागीय प्रमुखों को तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश
- जिले के स्कूलों के मरम्मत कार्यों में लाए तेजी, कोई भी स्कूल न हो एकल शिक्षकीय
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़। फ्लाईएश वाहनों के द्वारा अवैध डंपिंग व परिवहन के कारण जन सामान्य को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यह अच्छी बात नही है कि वाहन सड़को में बिना तिरपाल के चल रहे है, ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करें। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने परिवहन, माइनिंग एवं पर्यावरण विभाग को संयुक्त टीम बना कर ऐसे वाहनों पर नियमित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर सिन्हा ने परिवहन के दौरान नियम का पालन नही करनें वाले वाहनों का फोटोग्राफ एवं शिकायत मैसेज भेजने के लिए पर्यावरण अधिकारी को व्हाट्सअप नंबर जारी करनें के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर पर्यावरण अधिकारी द्वारा जन सामान्य की सुविधा के लिए फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग, परिवहन के संबंध में जानकारी व शिकायत के लिए व्हाट्सअप नंबर 7987033406 जारी किया गया है। जिसमें मैसेज एवं फोटो भेजने पर उक्त वाहनों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को तमनार क्षेत्र में अभियान के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने जिले के स्कूलों में चल रहे मरम्मत कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों के मरम्मत कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने आरईएस के अधिकारी को कहा कि जिन स्कूलों के टेंडर शेष है अतिशीघ्र पूर्ण करा कर कार्य प्रारंभ करें, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र की स्थिति में कार्य पूर्ण हो सके। इस दौरान उन्होंने डीईओ को निर्देशित किया कि जिले के कोई भी स्कूल एकल शिक्षकीय न हो इसका विशेष ध्यान रखे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो। इसी तरह उन्होंने आयुक्त आदिम जाति को हॉस्टल मरम्मत व निर्माण कार्यो को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने जिले में होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण के लिए तैयारिया पूर्ण रखे। उन्होंने रेशम, उद्यानिकी एवं कृषि विभाग को वृक्षारोपण हेतु चिन्हांकित स्थानों में पानी, फेंसिग जैसे विभिन्न व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग से केसीसी प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि विस्तृत कार्ययोजना बना कर केसीसी बनाने का कार्य करें, जिससे किसानों को लाभ मिल सके।

कलेक्टर सिन्हा ने हमर लैब एवं एनआरसी की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को तमनार एवं घरघोड़ा में शीघ्र एनआरसी प्रारंभ करने एवं निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हमर लैब का संचालन प्रारंभ करने सीएमएचओ को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिससे जनसामान्य आयुष्मान कार्ड का लाभ प्राप्त कर सके। कलेक्टर सिन्हा ने चिटफंड के आवेदनों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी आवेदन की छटनी कर कंपनीवार केस बनाए। उन्होंने निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए सड़क निर्माण की प्रगति की जानकारी ली, उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं नाली सफाई के कार्यो को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे बारिश के दिनों में होने वाले जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने मेडिकल कॉलेज तक बस संचालन की जानकारी ली, विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि बस के आने के बाद संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने जल स्रोतों पर हुए अतिक्रमण पर कार्यवाही हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर सिन्हा ने राष्ट्रीय जल मिशन अन्तर्गत जल संरक्षण हेतु जागरूक करने ग्राम पंचायत स्तर पर जल शपथ करवाने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब का सम्मेलन करवाया जाए। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबधी कार्यो को विभागीय प्रमुखों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हाटी में होने वाले आगामी समाधान शिविर के लिए विभागों को व्यापक तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे जनसामान्य को शिविर का लाभ मिल सके। इसी प्रकार उन्होंने लाइवलीहुड, अमृत सरोवर,रीपा संचालन एवं सी.मार्ट की भी समीक्षा करते हुए कार्यो को बेहतर करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480